हरिभूमि
कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 दमकसा स्कूल में शिक्षकों व बच्चों ने किया न्योता भोज...



10 विधायक सावित्री दिल्ली की प्रदर्शन में होंगी शामिल...



नवरात्रि विशेष



तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

नवरात्रि पर शीतलापारा शीतला मंदिर 765 ज्योतियों से जगमगाया, श्रद्धालु उमड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नवरात्रि में आस्था, भक्ति और शक्ति की आराधना का अद्भुत दृश्य कांकेर जिले के शीतलापारा स्थित शीतला मंदिर में देखने को मिल रहा है। यहां माता शीतला के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का प्रतीक बनकर 765 ज्योतियां प्रज्वलित की गई हैं। एक साथ जलती ज्योतियों की रोशनी से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो उठा है। मान्यता, परंपरा और धार्मिक उत्साह के बीच मंदिर में दर्शन करने पहुंच रहे श्रद्धालु माता के समक्ष शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना कर रहे हैं।

■ मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना से भक्ति-भाव फैला उजास

नवरात्रि के अवसर पर देवी मंदिरों में ज्योति प्रज्वलित करने की परंपरा का विशेष महत्व है। इसी परंपरा के तहत शीतलापारा के शीतला मंदिर के पुजारी पूरन माली ने बताया कि 765 ज्योतियां प्रज्वलित की गई हैं। मंदिर में जलती ज्योतियों की कतारें श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

दीपों की लौ और माता के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो रहा है। श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर माता का दर्शन कर रहे हैं और पूजा-अर्चना में शामिल होकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की प्रार्थना कर रहे हैं। नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना का पर्व है। इन दिनों देवी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, ज्योति प्रज्वलन और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाता है। श्रद्धालु अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार माता के दरबार में ज्योति प्रज्वलित कर सुख-शांति की कामना करते हैं। शीतलापारा के शीतला मंदिर में 765 ज्योतियों का प्रज्वलन इसी धार्मिक आस्था और परंपरा को दर्शाता है।



श्रद्धालुओं के लिए बना आकर्षण का केंद्र

शीतलापारा स्थित शीतला मंदिर में प्रज्ज्वलित ज्योतियां नवरात्रि के धार्मिक माहौल को और भी विशेष बना रही हैं। मंदिर परिसर में दीपों की जगमगाहट श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही है। माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने वाले भक्तों के बीच मंदिर की ज्योतियों की चर्चा हो रही है। श्रद्धालुओं के लिए यह केवल दीपों की रोशनी नहीं, बल्कि माता के प्रति विश्वास, समर्पण और भक्ति का प्रतीक है। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर मंदिर में आस्था की लौ के साथ भक्तों की श्रद्धा भी निरंतर प्रज्वलित हो रही है।

यातायात को सुचारू बनाने मे व्यापारी अहम

सड़क एवं फुटपाथ पर फैलाया सामान दुकानदारों को नोटिस और चालान भी

कांकेर शहर की सड़कों और फुटपाथों पर दुकान का सामान फैलाकर कारोबार करने की प्रवृत्ति के कारण आम लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। दुकानों के बाहर सामान रखने से सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है, जिससे वाहन चालकों के साथ ही पैदल चलने वाले लोगों को भी दिक्कत होती है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

इस समस्या को देखते हुए कांकेर शहर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त रखने के उद्देश्य से सोमवार 12 अक्टूबर को यातायात पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया और 59 लोगो को नोटिस दिया गया। अभियान के दौरान संयुक्त टीम ने मुख्य मार्ग के किनारे संचालित दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिन दुकानदारों ने अपनी दुकान का सामान निर्धारित दायरे से बाहर सड़क या फुटपाथ पर रखा था, उन्हें नियमों की जानकारी देते हुए नोटिस दिया गया। दुकानदारों को समझाइश दी गई कि वे दुकान के बाहर अनावश्यक रूप से सामान न फैलाएं और सार्वजनिक मार्गों पर आवागमन के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध रखें। टीम ने स्पष्ट किया कि सड़क और फुटपाथ आम नागरिकों के उपयोग के लिए हैं। इन स्थानों पर सामान रखकर कारोबार करने से यातायात प्रभावित होता है और लोगों को सुरक्षित तरीके से चलने में परेशानी होती है। ऐसे में प्रत्येक दुकानदार की जिम्मेदारी है कि वह अपने व्यवसाय का संचालन निर्धारित नियमों के दायरे में रहकर करे। इस दौरान शहर के मुख्य मार्ग गिल्ली चौक से नए बस स्टैंड तक दुकानदारों ▶▶|शेष पेज 10 पर

गिल्ली चौक से नए बस स्टैंड तक 59 लोगो को नोटिस दिया



शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने की पहल

गिल्ली चौक से नए बस स्टैंड तक का मार्ग शहर के प्रमुख आवागमन वाले मार्गों में शामिल है। इस मार्ग पर दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की मौजूदगी के कारण यातायात को व्यवस्थित बनाए रखना महत्वपूर्ण है। ऐसे में यातायात विभाग और नगर पालिका की संयुक्त कार्रवाई को सड़क व्यवस्था सुधारने की दिशा में एक पहल के रूप में देखा जा रहा है।



नियमों की अनदेखी पर काटे गए चालान

संयुक्त टीम की कार्रवाई के दौरान उन दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई की गई, जो नियमों को ताक में रखकर दुकान का सामान बाहर निकालकर रख रहे थे। अभियान का उद्देश्य केवल चालान काटना ही नहीं, बल्कि दुकानदारों को यातायात नियमों और सार्वजनिक स्थानों के उपयोग के प्रति जिम्मेदार बनाना भी रहा। शहर के प्रमुख मार्गों पर दुकानों के बाहर सामान फैलने से कई बार वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है। व्यस्त समय में ऐसी स्थिति के कारण जाम लगने की आशंका भी बनी रहती है। इसके अलावा, फुटपाथ पर सामान रखे होने से पैदल चलने वाले लोगों को सड़क पर उतरकर चलना पड़ सकता है, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है।

कोडेजुंगा चौक के पास क्रसिंग की कार्रवाई

75 मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त

बाइक चालकों को सख्त चेतावनी



कांकेर। बुलेट सहित अन्य दोपहिया वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज और कानफोड़ आवाज से सड़कों पर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ कांकेर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए 75 से अधिक मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त किए थे। अब इन साइलेंसरों को दोबारा इस्तेमाल में आने से रोकने के लिए नष्ट करने की कार्रवाई 12 अक्टूबर सोमवार को की गई। शहर और जिले की सड़कों पर मॉडिफाइड साइलेंसर का इस्तेमाल लंबे समय से परेशानी का कारण बनता रहा है। ▶▶|शेष पेज 10 पर

नागरिकों से सहयोग की अपील

यातायात पुलिस की इस कार्रवाई से मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करने वाले वाहन चालकों को स्पष्ट संदेश मिलेगा कि नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जा सकती है। साथ ही वाहन चालकों से अपील है कि वे निर्धारित मानकों के अनुरूप साइलेंसर का उपयोग करें और सड़क पर अनावश्यक शोर न करें। यातायात नियमों का पालन करना केवल कानूनी जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि दूसरों की सुविधा और सुरक्षा के प्रति सामाजिक दायित्व भी है।

खबर संक्षेप



कार्यशाला में छत्तीसगढ़ की संस्कृति की जानकारी दी

कांकेर। गुवाहाटी, असम में 5 से 14 अक्टूबर तक आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला में शासकीय हाई स्कूल इरादाह के व्याख्याता ओमप्रकाश डड़सेना शामिल हुए। हमारी सांस्कृतिक विविधता विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में देशभर के 159 प्रतिभागी शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान जुट शिल्प, टेराकोटा, बांस शिल्प, लोक चित्रकला और कठपुतली निर्माण की जानकारी दी जा रही है। छत्तीसगढ़ की लोककला एवं परंपराओं की प्रतिभागियों ने सराहना की।

सर्पदंश से महिला की हुई मौत, मर्ग कायम

कांकेर। बड़गांव थानांतर्गत बड़गांव निवासी 55 वर्षीय बेरो बाई गावड़े पति प्रधान गावड़े का अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतिका खेत में काम करने के लिए गई थी। अचानक साप ने काट लिया। इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

डूबने से युवक की मौत, मर्ग कायम

कांकेर। आमाबेड़ा थानांतर्गत कोण्डागांव जिला के कुकड़ा जुगानार निवासी 30 वर्षीय शाम लाल पिता धनसिंह का पानी में डूबने से 10 अक्टूबर को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक नाला के पानी में नहाने के लिए गया था। नहाने के दौरान डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

तालाब में गिरने से महिला की हुई मौत

कांकेर। पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 118 निवासी 36 वर्षीय समिता नेताम पति आसाराम नेताम का तालाब में डूबने से 10 अक्टूबर को मौत हो गई। मृतिका के पित ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी रात को शराब का सेवन कर तालाब में गिर गई।

कांग्रेस भवन को घेरा

महिला मोर्चा ने सांसद के खिलाफ किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में महिला छात्रों के साथ कथित यौन दुर्व्यवहार के आरोपों को लेकर भाजपा महिला मोर्चा जिला कांकेर ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देशानुसार और जिला अध्यक्ष रुक्मणी उइके के नेतृत्व में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कांकेर के ऊपर-नीचे रोड स्थित मुख्य मार्ग पर धरना-प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस भवन का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजम के इस्तीफे की मांग उठाई गई।

महिला मोर्चा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के इनर मणिपुर से सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजम को महिला छात्रों के साथ कथित यौन दुर्व्यवहार के मामले में जेएनयू से निलंबित किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने इस मामले को गंभीर बताते हुए कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से जवाबदेही तय करने की मांग की। उन्होंने कहा कि एक ओर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पितृसत्ता को समाप्त करने की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर पार्टी से जुड़े सांसद पर इस तरह के आरोप ▶▶|शेष पेज 10 पर

प्रदर्शन में रहे शामिल

प्रदर्शन में पूर्व विधायक सुमित्रा मार्कोले, भाजपा जिला महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष उमा शर्मा, जिला अध्यक्ष रुक्मणी उइके, जिला महामंत्री विजयलक्ष्मी कौशिक, पार्षद मीरा सलाम, चित्रलेखा जैन, उगेश्वरी उइके, मंजू सारथी, मीना उइके, अनिता सोनी, प्यारी साहू, अंजू नेगी, निधि संचेती, स्मृति कौशिक, दीप्ति साहा, बेबी, लता श्रीवास्तव, तमन्ना लखानी और सीता गुप्ता सहित महिला मोर्चा की अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। स्वसहायता समूहों की महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में शामिल होकर प्रदर्शन में भागीदारी की। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन, राजा देवनानी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष दिनेश रजक, पार्षद विकास अंभोरे, जयप्रकाश गेडाम और जितेंद्र सिन्हा का विशेष योगदान रहा। इसके अलावा जिले के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, महिला मोर्चा की कार्यकर्ता और मातृशक्ति बड़ी संख्या में मौजूद रहीं।

नकदी व मोबाइल जब्त, तीन जुआरी बस स्टैंड में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर में सार्वजनिक स्थान पर रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेलने वालों के खिलाफ कांकेर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी नए बस स्टैंड स्थित बाजार डोम में 52 पत्ती ताश के माध्यम से काटपत्ती नामक जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने मौके से नकदी, दो मोबाइल फोन, ताश की गड्डी और प्लास्टिक की बोरी जब्त की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 12 अक्टूबर को उप निरीक्षक मनोरथ जोशी हमराह पुलिस स्टाफ के साथ पेट्रोलिंग पर निकले थे। इसी दौरान सी मार्ट दुकान के सामने मुखबिर से जानकारी मिली कि नए बस स्टैंड के बाजार डोम में



कुछ लोग रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। जानकारी की तस्दीक के लिए पुलिस टीम गवाहों के साथ मौके पर पहुंची। वहां कुछ लोग ताश की 52 पत्तियों से हार-जीत का दांव लगाते दिखाई दिए। पुलिस ने घेराबंदी कर तीन लोगों को पकड़ लिया, जबकि कुछ अन्य लोग मौके से भागने में सफल रहे। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अन्नपूर्णापारा कांकेर निवासी 37 वर्षीय सुधीर ▶▶|शेष पेज 10 पर

पंचायत सचिव भर्ती की सूची में घपला रोजगार सहायकों ने की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पंचायत सचिव भर्ती प्रक्रिया की जारी चयन सूची को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। छत्तीसगढ़ ग्राम रोजगार सहायक संघ ने भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगाते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। संघ ने चयन सूची में कथित गड़बड़ियों, समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के चयन में नियमों की अनदेखी और बिना पूर्व सूचना माइनस मार्किंग लागू किए जाने पर सवाल उठाए हैं। संघ ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर वर्तमान चयन सूची निरस्त करने तथा पारदर्शी तरीके से नई सूची जारी करने की मांग की है।



संघ द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार चयन सूची के सरल क्रमांक 12 पर दर्ज संदीप कुमार जायसवा, पिता फूलचंद जायसवाल को शून्य अंक प्राप्त होने के बावजूद ओबीसी वर्ग की सूची में प्रथम स्थान दिया गया है। संघ ने इस स्थिति को भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करने वाला बताते हुए संबंधित अभिलेखों की जांच कराने की मांग की है। संघ ने चयन सूची में समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के मामले में भी अनियमितता का आरोप लगाया है। शिकायत के मुताबिक सरल क्रमांक 31 पर दर्ज माधुरी पट्टाकर और सरल क्रमांक 32 पर दर्ज सुनीता नरेटी, दोनों को 59.70 अंक मिले हैं। संघ का कहना है कि ▶▶|शेष पेज 10 पर

नगरपालिका की नियमित सफाई के बावजूद नहीं सुधर रही स्थिति

सफाई अभियान को बट्टा व नालियों-खाली जगह पर फेंकते हैं कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए नगरपालिका द्वारा प्रतिदिन सफाई अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन कुछ नागरिकों और दुकानदारों की लापरवाही के कारण स्वच्छता की यह मुहिम प्रभावित हो रही है। शहर के विभिन्न वार्डों में सड़क किनारे, नालियों और खाली स्थानों पर कचरा फेंकने की प्रवृत्ति लगातार चिंता का विषय बनी हुई है। मुख्य मार्गों के आसपास भी गंदगी दिखाई देने से शहर की सुंदरता पर असर पड़ रहा है।

कांकेर शहर के कई हिस्सों में लोग अपने घरों और दुकानों की सफाई तो करते हैं, लेकिन निकलने वाले कचरे को निर्धारित स्थान पर डालने के बजाय आसपास की नालियों, सड़कों के किनारे और खाली भूखंडों में फेंक देते हैं। इससे सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलती है और नालियों में कचरा जमा होने की आशंका बनी रहती है। दुकानों से निकलने वाले कचरे को खुले में फेंकने से बाजार और मुख्य मार्गों की स्वच्छता भी प्रभावित होती है।

विडंबना यह है कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने के बाद सफाई व्यवस्था को लेकर नगरपालिका पर सवाल उठाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझें और कचरे को निर्धारित स्थान पर ही डालें। दुकानदारों को भी अपनी दुकानों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने के साथ कचरे का उचित निपटान सुनिश्चित करना चाहिए।

अध्यक्ष व पार्षदों की अपील भी बेअसर

शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक एवं वार्ड के पार्षदों द्वारा लगातार नागरिकों से नालियों, सड़कों और खाली स्थानों पर कचरा नहीं फेंकने की अपील की जाती है, लेकिन इसके बावजूद कई स्थानों पर स्थिति में सुधार नहीं दिख रहा है। लोग अपने घरों और दुकानों का कचरा सार्वजनिक स्थानों पर डालकर स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं। इससे नगरपालिका के सफाई अभियान पर भी असर पड़ रहा है।

कचरा फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने की मांग



अधिकतम वार्डो में शहरवासी नालियों और खाली जगहों पर फेंक रहे कचरा

सफाई की जिम्मेदारी केवल नगरपालिका की नहीं

शहर को साफ-सुथरा रखने की जिम्मेदारी केवल नगरपालिका के सफाई अमले की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भी है। नगरपालिका द्वारा नियमित सफाई किए जाने के बावजूद यदि लोग दोबारा उसी स्थान पर कचरा डालते रहेंगे, तो स्वच्छता अभियान का अपेक्षित परिणाम हासिल करना मुश्किल होगा।

जवाबदेही तय करने की जरूरत

कांकेर शहरवावसियों का मानना है कि केवल सफाई अभियान चलाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। प्रशासन नियमित निगरानी, जागरूकता और जुर्माने की कार्रवाई को प्रभावी ढंग से लागू करता है, तो शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। कांकेर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगरपालिका के प्रयासों के साथ नागरिकों का सहयोग भी जरूरी है।

खबर संक्षेप



बड़ेडोंगर जलाशय में सफाई और संरक्षण कार्य

फरसगांव। सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार को बड़ेडोंगर जलाशय क्रमांक-02 का तकनीकी निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं संरक्षण कार्य किया गया। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने जलाशय के कैचमेंट क्षेत्र, बांध, सीपेज क्षेत्र और नहरों का निरीक्षण किया। इस दौरान जनभागीदारी से जलाशय परिसर की साफ-सफाई भी की गई। कार्यक्रम का आयोजन कार्यपालन अभियंता आर.एल. धीवर के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पी.एल. सोनवानी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर बड़ेडोंगर की सरपंच चंद्रवती पुजारी, समिति अध्यक्ष फरसु राम राणा, उपाध्यक्ष पीलू दास कुलदीप, पंच रामशिला नेताम, हेमंत पुजारी तथा फरसगांव के सब इंजीनियर संतोष तामो सहित जल संसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कबोंगा के स्वास्थ्य शिविर में 210 मरीजों की जांच



फरसगांव। सेवा संकल्प अभियान के तहत 12 अक्टूबर को ग्राम पंचायत कबोंगा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर. ज्योतिर्मयी प्रभावती के निर्देशानुसार आयोजित शिविर में कुल 210 मरीजों की जांच कर उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। शिविर में 86 मरीजों की बीपी और 86 की शुगर जांच, 42 की हीमोग्लोबिन जांच तथा 16 मरीजों की मलेरिया जांच की गई, जिसमें एक मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। इसके अलावा सर्दी-खांसी के 22 और अन्य बीमारियों के 44 मरीजों की जांच की गई। इस दौरान डॉ. तुषार चंद्रवंशी, डॉ. सपना सराटी, एम.आर. बघेल, धनीराम नेताम, सीएचओ रश्मि कुरेटी व मंजू शोरी, आरएचओ विश्वनाथ यादव व सुलोचना मरकाम, एएनएम अनु सुईया नेताम, अमिता केमरो व रेवती नेताम तथा चिरायु फार्मासिस्ट नेहा नेताम सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही।

शिप्रा विद्यालय के 80 छात्रों का नेत्र परीक्षण

केशकाल। शिप्रा विद्यालय के 80 छात्र-छात्राओं का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केशकाल में सोमवार को नेत्र परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान 8 बच्चों को आगे की जांच एवं उपचार कराने के निर्देश दिए गए। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान कर उन्हें समय पर उचित उपचार उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। नेत्र परीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। समय पर नेत्र संबंधी समस्याओं की पहचान होने से बच्चों को आवश्यक उपचार उपलब्ध कराने में मदद मिलती है और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचाव की दिशा में भी कदम उठाया जा सकता है। इस परीक्षण में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केशकाल के नेत्र सहायक नखलेश शोरी एवं प्रभाष दुबे का सहयोग रहा। वहीं, शिप्रा विद्यालय की शिक्षिका रश्मि अग्निहोत्री ने भी विद्यार्थियों को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए सहयोग प्रदान किया। स्वास्थ्य कर्मियों और विद्यालय की शिक्षिका के समन्वय से विद्यार्थियों की जांच की प्रक्रिया संपन्न हुई।

कोंडागांव के चांगेर ग्राम में पहली बार पहुंची बिजली : 23 घर रोशन हुए, ग्रामीणों में खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित अति दुर्गम ग्राम चांगेर में वर्षों का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया। गांव में पहली बार बिजली पहुंचने से सभी 23 परिवारों के घर रोशनी से जगमगा उठे हैं। जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ मद से कराए गए विद्युतीकरण कार्य से ग्रामीणों को लंबे समय बाद बिजली जैसी बुनियादी सुविधा मिली है। गांव में बिजली पहुंचने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। वर्षों बाद गांव में बिजली की सुविधा मिलने से ग्रामीणों में उत्साह और खुशी है। ग्रामवासियों ने इस पहल के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

जिला खनिज न्यास मद से 25.21 लाख रुपये की लागत से हुआ विद्युतीकरण

ग्रामीणों को वर्षों से था इंतजार

ग्राम चांगेर के ग्रामीण लंबे समय से बिजली की सुविधा से वंचित थे। शाम ढलते ही पूरे गांव में अंधेरा छा जाता था। बच्चों को लालटेन की रोशनी में पढ़ाई करनी पड़ती थी, जबकि रात के समय आवागमन और घरेलू कार्यों में ग्रामीणों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब बिजली पहुंचने से इन समस्याओं से राहत मिलने की उम्मीद है। ग्राम चांगेर में बिजली पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास मद से 25 लाख 21 हजार रुपये की लागत से विद्युतीकरण कार्य कराया गया। इसके तहत गांव के सभी 23 परिवारों के घरों में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। इस कार्य से गांव के लोगों को पहली बार बिजली की सुविधा मिली है।



अंधेरे से मुक्त हुआ दुर्गम गांव

गांव में बिजली पहुंचने से बच्चों को शाम और रात के समय बेहतर रोशनी में पढ़ाई करने की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही ग्रामीणों को घरेलू कार्यों और रात्रिकालीन आवागमन में भी सहूलियत होगी। बिजली की उपलब्धता से शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार और स्वरोजगार से जुड़ी गतिविधियों के विस्तार की संभावनाएं बढ़ी हैं।

ग्रामीणों के लिए बिजली पहुंचना केवल घरों में रोशनी होने तक सीमित नहीं है, बल्कि बेहतर जीवन और भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण बदलाव है। जिला प्रशासन द्वारा दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में सड़क, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। माओवाद से प्रभावित रहे क्षेत्रों में शांति और सुरक्षा की स्थिति में सुधार के साथ विकास कार्यों को गति देने के प्रयास किए जा रहे हैं। ग्राम चांगेर में विद्युतीकरण से गांव के सभी 23 परिवारों को बिजली की सुविधा उपलब्ध हुई है। यह पहल दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रें में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने और अंतिम छोर पर बसे परिवारों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

जिले में 25 आधार सेवा केन्द्रों का हो रहा संचालन

आधार में सुधार का 25 रुपए शुल्क बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले में नागरिकों की सुविधा के लिए कुल 25 आधार सेवा केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों में नवीन आधार नामांकन, बायोमेट्रिक अपडेट तथा नाम, पता, मोबाइल नंबर और लिंग संबंधी विवरण संशोधन की सेवाएं उपलब्ध हैं। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण यूआईडीएआई द्वारा आधार नामांकन एवं संशोधन के लिए नवीन मानक संचालन प्रक्रिया लागू की गई है। कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना ने नागरिकों से निर्धारित नियमों का पालन करते हुए आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ आधार सेवा केंद्र पहुंचने की अपील की है।

- आधार में नाम, जन्मतिथि और अन्य विवरण सुधारने के लिए नए नियम लागू

आधार में नाम की वर्तनी सुधारने, नाम का क्रम बदलने, बीच का नाम अथवा उपनाम जोड़ने या हटाने के लिए वैध पहचान प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। ऑपरेटर की गलती से नाम गलत दर्ज होने पर 18 वर्ष से अधिक आयु के आवेदकों को अनुबंध–बी और 18 वर्ष से कम आयु वालों को अनुबंध–सी के साथ आवश्यक मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। विवाह या तलाक के बाद नाम अथवा उपनाम बदलने के लिए विवाह पंजीयन प्रमाणपत्र या सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दस्तावेज के साथ अनुबंध–डी आवश्यक होगा। पूर्ण नाम परिवर्तन के लिए सरकारी राजपत्र अधिसूचना और पुराने नाम का मूल फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों की जन्मतिथि में संशोधन के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी डिजिटल एवं क्यूआर कोडयुक्त जन्म प्रमाणपत्र आवश्यक होगा। वहीं, वयस्क आवेदकों के लिए वैध डिजिटल जन्म प्रमाणपत्र अथवा मान्यता प्राप्त बोर्ड की दसवीं कक्षा की मूल अंकसूची मान्य होगी। ऑपरेटर की गलती से जन्मतिथि गलत दर्ज होने या संशोधन की निर्धारित सीमा समाप्त होने की स्थिति में आवश्यक दस्तावेजों के साथ नोटरी से सत्यापित निर्धारित अनुलग्नक प्रस्तुत करना होगा। नवीन आधार नामांकन के दौरान 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के साथ माता या पिता में से किसी एक की उपस्थिति अनिवार्य होगी। बच्चे का डिजिटल जन्म प्रमाणपत्र और अभिभावक का मूल पहचान पत्र आवश्यक होगा। दोनों दस्तावेजों में माता–पिता के नाम समान होने चाहिए।



पांच वर्ष की आयु के बाद होगा बायोमेट्रिक दर्ज

शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों के आधार नामांकन में केवल फोटो और अभिभावक का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण लिया जाएगा। पांच वर्ष से अधिक आयु होने पर बच्चे का निर्धारित बायोमेट्रिक दर्ज किया जाएगा। वयस्कों के नवीन नामांकन के लिए मान्य सरकारी फोटो पहचान पत्र और जन्मतिथि सत्यापन संबंधी दस्तावेज आवश्यक होंगे। आधार सेवा केंद्रों में केवल मूल दस्तावेज स्वीकार किए जाएंगे। फोटोकॉपी, मोबाइल स्क्रीनशॉट या सामान्य स्कैन कॉपी मान्य नहीं होगी। दस्तावेजों में काट–छांट, ओवरराइटिंग, व्हाइटनर अथवा किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए। बारकोड और क्यूआर कोडयुक्त दस्तावेजों पर लेमिनेशन नहीं कराने की सलाह दी गई है।

निर्धारित प्रपत्र केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध

नाम और जन्मतिथि सुधार सहित विभिन्न संशोधनों के लिए निर्धारित प्रपत्र आधार सेवा केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आवश्यकता के अनुसार आवेदक निर्धारित प्रारूप को स्टाम्प पेपर पर तैयार कराकर अधिकृत नोटरी से सत्यापित करवा सकते हैं। नामांकन अथवा संशोधन के बाद संचालक से पहचान संख्या वाली पावती पर्ची अवश्य प्राप्त करने को कहा गया है। आधार सेवाओं के लिए निर्धारित शुल्क के अनुसार नवीन आधार नामांकन निःशुल्क है। पांच और पंद्रह वर्ष की आयु पर अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट भी निःशुल्क होगा। नाम, पता, मोबाइल नंबर अथवा लिंग संबंधी विवरण अपडेट कराने के लिए 75 रुपये तथा फोटो सहित पूर्ण बायोमेट्रिक अपडेट के लिए 125 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है।

जिले के इन 25 स्थानों पर मिलेंगी आधार सेवाएं

जिले में ग्राम पंचायत बाँसकोट, बड़ेराजपुर, ईरागांव, तेंदुभाटा, धनोरा, मुलमुला, घोड़ागांव, सोनाबाल, मर्दापाल, बड़े कनेरा, अनंतपुर, रंधना, माकड़ी और लंजोड़ा में आधार सेवा केंद्र संचालित हैं। इसके अलावा तहसील कार्यालय विश्रामपुरी, केशकाल, मर्दापाल, कोण्डागांव और फरसगांव, जनपद पंचायत केशकाल, कलेक्टर कार्यालय कोण्डागांव, नगर पालिका कोण्डागांव, नगर पंचायत फरसगांव, उप–तहसील कार्यालय बड़े डोंगर तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय माकड़ी में भी आधार संबंधी सेवाएं उपलब्ध हैं।

नाबालिग का अपहरण व रेप, आरोपी रिमांड पर गया जेल

पखांजुर। नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में पखांजुर पुलिस ने 20 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ने थाना पखांजुर पहुंचकर अपनी नाबालिग बेटी को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक तेज कुमार वर्मा के नेतृत्व में टीम गठित कर बालिका की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से जानकारी मिली कि अपहृत बालिका पीव्ही 116 में देखी गई है। जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने परिजनों के साथ 11 अक्टूबर को मौके पर घेराबंदी कर बालिका को बरामद किया। वहां संदेह के आधार पर पीव्ही 27 हृदयपुर निवासी सुमन मल्लिक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करने की बात स्वीकार की।



पदमपुर में आज से 3 दिनी राज्य मानस गान सम्मेलन

कोरर। ग्राम पदमपुर कोरर में श्री नवदुर्गोत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आज 13 से 15 अक्टूबर तक तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आयोजन को लेकर ग्रामीणों और मानस प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। आयोजन के दौरान छत्तीसगढ़ की ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियां रामचरितमानस की चौपाइयों और दोहों के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र एवं आदर्शों का गुणगान करेंगी। सम्मेलन का उद्देश्य धर्म, सत्य, मर्यादा, त्याग और सदाचार के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ग्रामीण क्षेत्र में धार्मिक चेतना और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है।

दमकसा स्कूल में शिक्षकों व बच्चों ने साथ-साथ किया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

शामा शाला दमकसा में सोमवार को न्योता भोज का आयोजन किया गया। प्रभारी प्रधान अध्यापक विमल भालेश्वर की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यालय के कर्मचारियों ने एक साथ बैठकर भोजन किया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में समानता, आपसी सहयोग और सामाजिक समरसता की भावना को बढ़ावा देना रहा।



न्योता भोज में विद्यार्थियों और विद्यालय परिवार के सदस्यों को खीर, पूड़ी, चावल तथा हरी मटर-पनीर की सब्जी परोसी गई। स्वादिष्ट भोजन पाकर बच्चों में उत्साह देखने को मिला। विद्यालय परिसर में पूरे आयोजन के दौरान आत्मीयता और सौहार्द का माहौल रहा। न्योता भोज जैसी पहल से विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच अपनत्व बढ़ता है। साथ बैठकर भोजन करने से बच्चों में एक-दूसरे के प्रति सम्मान, सहयोग और मिल-जुलकर रहने की भावना विकसित होती है। ऐसे आयोजन विद्यालय में सकारात्मक वातावरण बनाने के साथ सामाजिक समानता का संदेश भी देते हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य हेमलता वाडिया, वरिष्ठ शिक्षिका कुमूद ध्रुव, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

विधायक ने क्रिकेट खिलाड़ियों का स्पर्धा के सम्मान किया सम्मान



दुर्गूकोंदल। कोदापाखा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मंडावी के आतिथ्य में हुआ। उन्होंने प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान मैदान में शासकीय आयुर्वेद औषधालय कोदापाखा द्वारा लगाई गई औषधीय पौधों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया। विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, टीम भावना, आपसी सहयोग और संघर्ष करने की प्रेरणा देते हैं। खेलों के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है, बल्कि जरूरत उन्हें उचित मंच और अवसर उपलब्ध कराने की है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ आगे बढ़ने तथा भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

विधायक सावित्री दिल्ली की प्रदर्शन में होंगी शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में कथित अनियमितताओं और निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग को लेकर कांग्रेस ने विरोध तेज कर दिया है। इसी कड़ी में भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी छत्तीसगढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ दिल्ली पहुंचीं। यहां वे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर आयोजित विरोध प्रदर्शन और मार्च में शामिल होंगी।

कांग्रेस मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठा रही है। पार्टी की मांग है कि मतदाता सूची तैयार करने और उसके पुनरीक्षण की प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह होनी चाहिए। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटने या गलत तरीके से हटाए जाने की आशंका को दूर करना आवश्यक है। दिल्ली में प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी चिंताओं को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने की तैयारी में है। पार्टी नेताओं द्वारा एसआईआर प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों की जांच, मतदाता सूची की विश्वसनीयता और निर्वाचन आयोग की जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी।

पेज 9 के शेष

सड़क एवं फुटपाथ पर...

को नोटिस जारी किए गए। वहीं, नियमों की अनदेखी कर दुकानों के बाहर सामान फैलाने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की गई।

75 मॉडिफाइड साइलेंसर...

ऐसे साइलेंसरों से निकलने वाली तेज आवाज से आम नागरिकों, बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को असुविधा होती है। अचानक होने वाली तेज आवाज से सड़क पर चलने वाले लोग भी परेशान होते हैं। इसे देखते हुए कांकेर पुलिस ने लगभग एक माह पहले विशेष अभियान चलाकर मॉडिफाइड साइलेंसर का इस्तेमाल करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की थी। इस दौरान 75 से अधिक साइलेंसर जब्त किए गए थे। अब इन साइलेंसरों को दोबारा इस्तेमाल में आने से रोकने के लिए 12 अक्टूबर को सुबह साढ़े 11 बजे कोड़ेजुंगा क्षेत्र में नष्ट करने की कार्रवाई पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू और यातायात प्रभारी दीपक साव की उपस्थिति में यातायात टीम ने किया।

महिला मोर्चा ने सांसद...

लगना विरोधाभास को उजागर करता है। इन्हीं मुद्दों को लेकर महिला मोर्चा ने अपना विरोध दर्ज कराया। महिला मोर्चा ने इस प्रदर्शन के माध्यम से महिला सुरक्षा, जवाबदेही और कथित दुर्व्यवहार के मामले में कार्रवाई की मांग उठाई। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस सांसद के इस्तीफे की मांग को प्रमुखता से रखा गया।

नकदी व मोबाइल जब्त...

कुमार यादव पिता राम गोपाल यादव, शांतिनगर कांकेर निवासी 45 वर्षीय कांशी राम देवांगन पिता स्व. विदेशी राम देवांगन तथा कांकालिनपारा कांकेर निवासी 34 वर्षीय सन्नी चांवला पिता स्व. मोहन लाल चांवला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और जुआ फड़ से मिली सामग्री जब्त की। कार्रवाई के दौरान सुधीर कुमार यादव से 600 रुपये और एक मोबाइल, कांशी राम देवांगन से 800 रुपये और एक मोबाइल तथा सन्नी चांवला से 2 हजार 120 रुपये बरामद किए गए। इसके अलावा 52 पत्ती ताश और एक सफेद प्लास्टिक की बोरी भी जब्त की गई। जब्त नकदी की कुल राशि 3 हजार 520 रुपये है। दोनों मोबाइल की अनुमानित कीमत 10-10 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की गई है।

पंचायत सचिव भर्ती...

समान अंक होने की स्थिति में अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दिए जाने का नियम है। इसके बावजूद अधिक आयु होने के बाद भी सुनीता नरेटी को चयन सूची से बाहर कर दिया गया। संघ ने इस मामले में लागू नियमों और चयन प्रक्रिया की जांच की मांग की है।

भर्ती परीक्षा में माइनस मार्किंग लागू किए जाने को लेकर भी अभ्यर्थियों में नाराजगी होने की बात कही गई है। संघ का आरोप है कि भर्ती विज्ञापन में माइनस मार्किंग का स्पष्ट उल्लेख नहीं था, इसके बावजूद परीक्षा में इसे लागू किया गया। इससे अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों पर असर पड़ा। संघ ने इस व्यवस्था के आधार और संबंधित नियमों की जांच कराने की मांग की है। संघ अध्यक्ष मिथुन कुमार पटेल और सचिव हेमुलाल सलाम के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपकर मामले में उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। ज्ञापन में वर्तमान चयन सूची निरस्त कर नियमों के अनुरूप पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए नई चयन सूची जारी करने की मांग की गई है।

इस दौरान विक्रम सोनकर, मिथुन पटेल, जितेन्द्र साहू, हेमंत भास्कर, जितेन्द्र खापड़े, हेमलता साहू, हेमुलाल सलाम, निर्मला भारती ठाकुर, मनीषा जैन, दुलमा नेताम, मिथलेश, संतोषी साहू और सुनीता नरेटी सहित अन्य लोग शामिल रहे।









खबर संक्षेप

नवरात्रि एवं दशहरा पर शांति व्यवस्था के लिए आज बैठक

कांकेर। आगामी नवरात्रि पर्व के समापन पर मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन एवं 20 अक्टूबर को विजयादशमी (दशहरा) पर्व के मद्देनजर जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 13 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे जिला पंचायत कांकेर के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में पर्वों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की तैयारियों पर चर्चा होगी। संबंधित अधिकारियों एवं समिति सदस्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित होने का आव्हान किया गया।

जिया डेरा में पदयात्री सेवा केंद्र का शुभारंभ



जगदलपुर। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मां दंतेश्वरी के दर्शन के लिए दंतेवाड़ा जाने वाले पदयात्रियों की सेवा के उद्देश्य से बस्तर जिला आंध्र समाज द्वारा जिया डेरा में पदयात्री सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस सेवा केंद्र का शुभारंभ नवरात्रि के प्रथम दिन महाराजा कमलचंद भंजदेव ने पूजा-अर्चना कर किया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष जयंत नायडू सहित पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

आमसभा से आदिवासी अधिकारों की राजनीति को धार देने की तैयारी

बुर्कलंका में 8 पंचायतों के हजारों ग्रामीण जुटे

जल-जंगल-जमीन और पोलावरम डूबान के मुद्दे पर बस्तरिया राज मोर्चा ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा





सुकमा जिले के कोंटा ब्लॉक के बुर्कालंका गांव में रविवार को बस्तरिया राज मोर्चा की ओर से आयोजित विशाल आमसभा में आदिवासी अधिकारों के साथ क्षेत्र की राजनीति और विकास से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठे। आठ पंचायतों के हजारों ग्रामीणों की भागीदारी वाली इस सभा में जल-जंगल-जमीन, वनाधिकार कानून, ग्रामसभा की शक्तियों, जमीन से जुड़े विवादों और पोलावरम परियोजना के संभावित डूबान को लेकर चर्चा हुई। सभा के

- सुकमा में बड़ी सभा और पदयात्रा की तैयारी

दौरान मोर्चा ने मूल आदिवासियों को एक मंच पर लाने और उनके अधिकारों की लड़ाई को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प जताया।

इन्होंने संभाला मोर्चा

बुर्कालंका, पेंटापाड़, छोटे केड़वाल, भेज्जी, डब्बाकोंटा, मेलासुर, पलाचलमा और पोटाकपल्ली पंचायतों से महिला, पुरुष, बुजुर्ग और युवाओं के साथ पटेल, पुजारी तथा पेरमा भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। बस्तरिया राज मोर्चा के संयोजक मनीष कुंजाम, जिला प्रभारी रामा सोड़ी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष महेश कुंजाम, हड़मा मड़काम, जनपद उपाध्यक्ष मांडवी हिड़मा, इरफान खान, करतम देवा, कोसा दादा और राजेश नाग सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कुंजाम ने भाजपा-कांग्रेस की भूमिका पर उठाए सवाल

मनीष कुंजाम ने बस्तरिया राज मोर्चा के गठन के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए इसे गैर-राजनीतिक संगठन बताया। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य क्षेत्र के मूल आदिवासियों को एक मंच पर लाकर उनके जल-जंगल-जमीन, स्थानीय समस्याओं और संवैधानिक अधिकारों को लेकर संगठित आवाज उठाना है। उन्होंने कांग्रेस और भाजपा सहित प्रमुख राजनीतिक दलों की भूमिका पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि लंबे समय से आदिवासी हितों की अनदेखी और शोषण होता रहा है। यह उनका राजनीतिक आरोप है, जिस पर संबंधित दलों का पक्ष सामने आना बाकी है। हालांकि, सभा में इन मुद्दों को उठाने से यह स्पष्ट है कि मोर्चा आदिवासी समाज के बीच अपनी अलग पहचान बनाने और पारंपरिक राजनीतिक दलों के कामकाज पर सवाल खड़े करने की रणनीति के साथ आगे बढ़ना चाहता है।

आदिवासी अधिकारों के मुद्दों पर लामबंदी

सभा में सामने आए मुद्दों से स्पष्ट हुआ कि बस्तरिया राज मोर्चा क्षेत्र में आदिवासी अधिकारों को केंद्र में रखकर अपना जनाधार मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है। अंदरूनी गांवों की समस्याओं, वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन, ग्रामसभा के अधिकारों और जमीन से जुड़े मामलों पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने ग्रामीणों से एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। वक्ताओं का कहना था कि आदिवासी अंचल में जल-जंगल-जमीन केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि स्थानीय समाज की संस्कृति, परंपरा और पहचान से भी जुड़ा विषय है। ऐसे में ग्रामीणों के अधिकारों से संबंधित फैसलों में उनकी भागीदारी और ग्रामसभाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। राजनीतिक दृष्टि से यह सभा स्थानीय मुद्दों को संगठित जनआंदोलन का स्वरूप देने की कोशिश के रूप में भी देखी जा रही है।

पोलावरम डूबान का विषय बना मुद्दा

आमसभा में पोलावरम परियोजना से प्रभावित होने की आशंका वाले कोंटा क्षेत्र के गांवों का विषय भी प्रमुखता से उठा। मोर्चा संयोजक मनीष कुंजाम ने बताया कि उन्होंने कोंटा में डूबान क्षेत्र से जुड़े दूरला समाज के लोगों से मुलाकात कर इस विषय पर चर्चा की है। उन्होंने कहा कि परियोजना से प्रभावित होने वाले ग्रामीणों की जमीन, संभावित विस्थापन और भविष्य से जुड़े सवालों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। उनके अनुसार, इस मुद्दे पर राजनीतिक दलों की सक्रियता भी बढ़ रही है और विभिन्न पक्ष प्रभावित क्षेत्र के लोगों से संपर्क कर रहे हैं पोलावरम का मुद्दा कोंटा क्षेत्र के लिए केवल विकास परियोजना का प्रश्न नहीं, बल्कि संभावित विस्थापन, आजीविका, जमीन और पुनर्वास से जुड़ी चिंताओं का विषय है। ऐसे में प्रभावित ग्रामीणों की वास्तविक स्थिति, परियोजना के प्रभाव और उनके अधिकारों से संबंधित तथ्यों को सामने लाना महत्वपूर्ण होगा। सभा में इस विषय को उठाकर मोर्चा ने संकेत दिया कि आने वाले समय में वह इसे अपने प्रमुख जनमुद्दों में शामिल कर सकता है।

सुकमा में बड़ी सभा की तैयारी

सभा में आगामी दिनों में सुकमा जिले में बड़ी आमसभा आयोजित करने और क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर पदयात्रा निकालने की तैयारी पर चर्चा हुई। मोर्चा के पदाधिकारियों ने गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं जानने, अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और प्रशासन के सामने मांगें रखने की बात कही। आठ पंचायतों से बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी ने इस आयोजन को क्षेत्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण बनाया है। अब मोर्चा के सामने इस भागीदारी को निरंतर जनसंपर्क, ठोस मांगों और समस्याओं के समाधान से जोड़ने की चुनौती होगी। सुकमा में प्रस्तावित सभा और पदयात्रा के जरिए संगठन अपनी आगामी दिशा तय करने के साथ आदिवासी अधिकारों से जुड़े मुद्दों को व्यापक स्तर पर उठाने की तैयारी में है। बुर्कालंका की आमसभा ने जल-जंगल-जमीन, ग्रामसभा के अधिकार और पोलावरम डूबान जैसे सवालों को एक बार फिर चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

नागरिक कल्याण कार्यक्रम में 16 सायकिलें छात्राओं को बांटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंतागढ़

ग्रामीणों के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने तथा सुरक्षा बल और स्थानीय समुदाय के बीच आपसी विश्वास मजबूत करने के उद्देश्य से 28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एसएसबी अंतागढ़ के अंतर्गत सीओबी तुमापाल में नागरिक कल्याण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वाहिनी कमांडेंट अरुण देवगम के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में जरूरतमंद छात्राओं को 16 साइकिलें वितरित की गईं। इसके अलावा ग्रामीणों, महिला समूहों और विद्यालयों को विभिन्न उपयोगी सामग्रियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में साइकिलें मिलने पर छात्राओं के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने के अवसर उपलब्ध कराना है। नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत ताड़ोकी, सलामपारा, पत्कलबेड़ा, तुमापाल, कोसरोण्डा, रेखाभाट, हरतुरई, सावलबरस और सतीघाट सहित आसपास के गांवों के लाभार्थियों को आवश्यक सामग्री वितरित की गई। महिला समूहों एवं सामाजिक संगठनों को बड़े बर्तनों के सेट प्रदान किए गए। वहीं, विद्यालयों को व्हाइट बोर्ड, कारपेट, टेबल, वाटर टैंक और डस्टबिन सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं उपयोगी सामग्री दी गई। इससे शिक्षा को प्रोत्साहन देने और ग्रामीण समुदाय की आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए। वहीं, ग्रामीण टीमों के बीच आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता ने युवाओं में उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता के माध्यम से खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना का संदेश दिया गया। इसके साथ ही मानव चिकित्सा एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को आवश्यकतानुसार चिकित्सा परामर्श और दवाएं उपलब्ध कराई गईं। वाहिनी कमांडेंट अरुण देवगम ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल देश की सुरक्षा के साथ समाज के सर्वांगीण विकास, महिला सशक्तिकरण और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने ग्रामीणों से नियमित बैठकें आयोजित कर गांव की समस्याओं, बच्चों की शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास और खेलकूद जैसे विषयों पर चर्चा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अपने सुझाव और समस्याएं सुरक्षा बल के सामने रखें, ताकि उपलब्ध संसाधनों और अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत हरसंभव सहयोग किया जा सके। कार्यक्रम में ताड़ोकी थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप पटेल, सरपंच लक्ष्मण ध्रुव, रामबती गावड़े, सैयद अंसारी, बद्रीनाथ गावड़े, देवकुमारी नेताम तथा सावलबरस के पटेल प्रताप उसेंडी सहित विभिन्न गांवों के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और ग्रामीण उपस्थित रहे।

नवजोत मां दुर्गोत्सव की धूम पूजा कर सुख-समृद्धि मांगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर दुर्गूकोंदल में नवजोत मां दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में दुर्गा उत्सव का शुभारंभ माता रानी की प्रतिमा स्थापना के साथ हुआ। पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से प्रतिमा स्थापित की गई। धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। समिति द्वारा लगातार 31वें वर्ष इस उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

समिति के अध्यक्ष सोमल जैन ने बताया कि नवरात्र शक्ति आराधना और धार्मिक आस्था का महत्वपूर्ण पर्व है। इन नौ दिनों में श्रद्धालु मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। उत्सव के दौरान प्रतिदिन माता की आरती, पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। नौ दिनों तक माता के दरबार में जसगीत, रामायण पाठ, रामधुनी और गरबा सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इन आयोजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण से जुड़ने का अवसर मिलेगा। समिति द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां की गई हैं, वहीं श्रद्धालुओं की सहभागिता से उत्सव को विशेष बनाने का प्रयास किया जा रहा है। समिति अध्यक्ष सोमल जैन ने ग्रामीणों, व्यापारियों और क्षेत्रवासियों से उत्सव में शामिल होकर माता की आराधना करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करते हैं तथा नई पीढ़ी को सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ते हैं। आयोजन में समिति के अध्यक्ष सोमल जैन, लालजी दुग्गा, संरक्षक मुन्ना सिन्हा, नरेंद्र जैन, अमित कनौजिया और गेदलाल लावत्रे सहित अन्य सदस्य व्यवस्थाओं में सहयोग कर रहे हैं। समिति ने श्रद्धालुओं से नौ दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक उत्सव में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

आत्मानंद विद्यालय के शिविर, फॉर्म-6 का वितरण किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने और मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद हिंदी-अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, कोड़े कुरसे में निर्वाचन साक्षरता क्लब ईएलसी के माध्यम से मतदाता जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 17 एवं 18 वर्ष की आयु के भावी मतदाताओं को पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इस दौरान विभिन्न मतदान केंद्रों से कुल 78 फॉर्म-6 प्राप्त हुए।

शिविर का आयोजन पर्यवेक्षक रमन लाल पिस्दा एवं विद्यालय के प्राचार्य थानेश्वर प्रसाद चंद्राकर के नेतृत्व में किया गया। विद्यार्थियों को फॉर्म-6 के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया और इसके महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र युवाओं को समय पर पंजीयन कराने तथा अपने मताधिकार के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में मतदान केंद्रवार प्राप्त फॉर्म-6 का विवरण इस प्रकार है।

कराकी से 16, कोंदरूज से 2, गोड़पाल से 6, ओटेकसा से 3, कोड़ेकुसी से 7, चौरगांव से 8, करकापाल से 7, अंधेवाड़ा से 10, सुरुगदोह से 8, धनवापुचुर से 1 और गुडुम से 3 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त अन्य मतदान केंद्रों से 4 आवेदन मिले। इस प्रकार कुल 78 फॉर्म-6 संकलित किए गए। निर्वाचन साक्षरता क्लब की इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों और मतदान के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। शिविर के माध्यम से भावी मतदाताओं को पंजीयन संबंधी व्यावहारिक जानकारी मिली। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम युवाओं को निर्वाचन प्रक्रिया से जोड़ने और पात्र नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने में सहायक होते हैं।

साढ़े चार माह के बच्चे हुआ आधार पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासन की जनकल्याणकारी सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने की पहल ग्रामीणों के लिए सुविधाजनक साबित हो रही है। ग्राम माहला में आयोजित सेवा सेतु शिविर में बुधान्दंड निवासी सुनीता निषाद पति महेश निषाद ने अपने साढ़े चार माह के बच्चे का तत्काल आधार पंजीयन कराया। बताया कि छोटे बच्चे की देखभाल के कारण वे आधार पंजीयन कराने के लिए शहर नहीं जा पा रही थीं। ऐसे में जब सेवा सेतु शिविर उनके गांव के आसपास ही आयोजित हुआ, तो वे अपने बच्चे को लेकर शिविर पहुंचीं और उनका काम आसानी से हो गया। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन की यह पहल ग्रामीणों के लिए काफी सुविधाजनक है। गांव के पास ही शिविर आयोजित होने से उन्हें शहर जाने की परेशानी से राहत मिली।

श्रीराम प्रेरणा महोत्सव में की स्वदेशी स्वावलंबन व नैतिक मूल्यों पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

स्वामी विवेकानंद स्टडी सर्किल छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में आयोजित श्रीराम प्रेरणा महोत्सव उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। विमतारा हॉल के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से पहुंचे युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों और गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। महोत्सव में भगवान श्रीराम के आदर्शों के साथ स्वदेशी, स्वावलंबन, रोजगार, स्टार्टअप और नैतिक मूल्यों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, स्वदेशी मंत्र, स्टडी सर्किल के परिचय और हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुआ। संवाद सत्र में छत्तीसगढ़ के केश शिल्प बोर्ड के अध्यक्ष गौरीशंकर श्रीवास, स्टार्टअप विशेषज्ञ एवं 'बस्तर से बाजार तक' के संस्थापक सतेंद्र सिंह तथा जनसंपर्क विभाग के सहायक आयुक्त मनोज सिंह ने युवाओं को संबोधित किया। प्रश्नोत्तरी सत्र में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने, आत्मनिर्भरता बढ़ाने, स्टार्टअप शुरू करने और रोजगार के अवसरों से जुड़े सवाल पूछे गए। सतेंद्र सिंह ने कहा कि स्वदेशी अपनाने के लिए मानसिकता में बदलाव जरूरी है। स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने से आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, वरिष्ठ नागरिकों ने युवाओं से नैतिक मूल्यों, कर्तव्यनिष्ठा और आदर्श आचरण को जीवन में अपनाने की अपील की। महोत्सव के मुख्य अतिथि रामकृष्ण मिशन आश्रम, रायपुर के स्वामी किशोर महाराज रहे। कार्यक्रम में आचार्य अशोक हरिवंश चतुर्वेदी, सोनपैरी कबीर आश्रम के देवकर साहेब जी, राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार राजेश मिश्रा, नागेंद्र दुबे और कवि मीर अली मीर सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। पुणे के अंतरराष्ट्रीय कलाकार स्वामी दामोदर राम दासी ने एकल नाट्य मंचन के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों और रामायण की शिक्षाओं का जीवंत चित्रण किया। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

उत्कृष्ट कार्य के लिए दंतेवाड़ा जिले को मिला राष्ट्रीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों और किसानों की उन्नति के लिए किए जा रहे प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले को श्रेष्ठता का प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है।

कलेक्टर के नेतृत्व को मिली पहचान

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में जिले में कृषि विकास और किसान कल्याण से जुड़े प्रयासों को लगातार गति दी जा रही है। यह सम्मान कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने, किसानों की प्रगति सुनिश्चित करने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में किए जा रहे सकारात्मक प्रयासों का परिणाम है।

योजना का उद्देश्य और महत्व

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि उत्पादकता में वृद्धि करना, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार करना और किसानों को बेहतर कृषि संसाधन उपलब्ध कराना है। जनजातीय बहुल दंतेवाड़ा जिले के लिए यह उपलब्धि विशेष महत्व रखती है, जो ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने के साथ-साथ किसानों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में मददगार साबित होगी। देश के 100 आकांक्षी (कमजोर या पिछड़े) कृषि जिलों में खेती की स्थिति में सुधार लाना, उत्पादकता बढ़ाना और किसानों की आय में वृद्धि करना है। जिलों की पहचान कम उत्पादकता, कम फसल सघनता (क्रॉप इंटेंसिटी) और कमजोर कृषि ऋण (केसीसी) वितरण प्रणाली के आधार पर की गई है। हर खेत तक सिंचाई पहुंचाना, पंचायत और ब्लॉक स्तर पर भंडारण (वेयरहाउस) क्षमता बढ़ाना, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना और आसान एवं सस्ता ऋण उपलब्ध कराना है। यह सम्मान कृषि विभाग के अधिकारियों, मैदानी अमले और कृषि क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों के सामूहिक प्रयासों की सराहना है, जो कृषि को अधिक उत्पादक और लाभकारी बनाने के संकल्प को और मजबूत करता है।

मेड़ो स्कूल में चित्रकला व वाद-विवाद स्पर्धा हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गोयल ग्रुप माइंस प्रबंधन द्वारा क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। शाउमावि मेड़ो में चित्रकला एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए चित्रों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया।

कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। गोयल ग्रुप के उप प्रबंधक अंकुर गोयल ने बताया कि बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता विकसित करने के लिए यह पहल की गई है। उनका संस्थान 17 अक्टूबर तक विभिन्न विद्यालयों में ऐसे आयोजन करेगा। विद्यालय के प्राचार्य हेमंत श्रीवास्तव ने अभियान की सराहना की। कार्यक्रम में गोयल ग्रुप के कर्मचारी, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान

कांकेर। चाकी दुधावा अंतर्गत बासनवाही निवासी 65 वर्षीय सियाराम शोरी पिता स्व. कार्तिराम ने 10 अक्टूबर को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के बेटे ने पुलिस को बताया कि उनके पिता ने रात को गांव के चिड़कापारा में खेत की ओर ईमली पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

सेवा सेतु शिविर में मिली महिलाओं को राहत

कांकेर। कोयलीबेड़ा निवासी सावित्री आंचले ने ग्राम माहला में आयोजित सेवा सेतु शिविर में



सोनोग्राफी जांच कराई। उन्होंने बताया कि जब पहली बार सोनोग्राफी मशीन कोयलीबेड़ा क्षेत्र में पहुंची थी, उस समय वे वहां मौजूद नहीं थीं। बाद में उन्हें जानकारी मिली कि ग्राम माहला में आयोजित सेवा सेतु शिविर में भी सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जानकारी मिलते ही वे शिविर में पहुंचीं और अपनी जांच कराई। सावित्री आंचले ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ही सोनोग्राफी जैसी महत्वपूर्ण जांच की सुविधा मिलना उनके लिए काफी सुविधाजनक रहा। इससे उन्हें जांच के लिए दूर शहर जाने की जरूरत नहीं पड़ी और समय व आने-जाने के खर्च की बचत हुई। उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने की पहल और कलेक्टर के मार्गदर्शन में आयोजित सेवा सेतु शिविर के लिए शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

हाटकोंदल में पटपर जस झांकी का आयोजन आज

दुर्गूकोंदल। ग्राम हाटकोंदल बरपारा में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर आदिशक्ति माँ दुर्गा उत्सव समिति द्वारा 13 अक्टूबर को विशेष जस झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध दाई के दुलरवा नवरत्न जस झांकी पार्टी ग्राम पटपर डोंगरगढ़ द्वारा महाकाली व माँ दुर्गा की जीवंत झांकी और पारंपरिक जस गीत प्रस्तुत किए जाएंगे।

सेवाकाल के 10 वर्ष पूरे होने पर स्वीपर ने दिया न्योता भोज



दुर्गूकोंदल। शासकीय प्राशा सटेली में कार्यरत स्वीपर हिरण धनेलिया ने अपने सेवाकाल सेवाकाल के 10 वर्ष पूरे होने पर स्वीपर ने कराया न्योता भोजदुर्गूकोंदल। शासकीय प्राशा सटेली में कार्यरत स्वीपर हिरण धनेलिया ने अपने सेवाकाल के 10 वर्ष पूरे होने की खुशी में पूरे शाला परिवार के लिए न्योता भोज का आयोजन किया, जिसमें स्कूली बच्चों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधान पाठक जितेंद्र नायक ने हिरण धनेलिया को बधाई देते हुए कहा कि वे पिछले 10 वर्षों से पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ शाला की साफ-सफाई एवं देखरेख का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर शाला परिवार ने उनके स्वस्थ जीवन और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में शिक्षक राकेश गावड़े, शाला समिति अध्यक्ष धनेश्वरी भुआर्य, सरपंच बलराम टेपारिया सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

गड़बड़ी : शहर के एक पंप में निर्धारित कीमत से महंगा बेचा जा रहा ईंधन

पेट्रोल-डीजल पर अनाप-शनाप वसूली पर वाहन चालक बिफरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर एक नया मामला सामने आया है। पखांजूर स्थित जिओ पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल की कीमतें क्षेत्र के अन्य सरकारी पेट्रोल पंपों पर बताए जा रहे दामों की तुलना में अधिक हैं। कीमतों में इस अंतर ने वाहन चालकों के बीच सवाल खड़े कर दिए हैं।

पेट्रोल-डीजल जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में अंतर को लेकर उपभोक्ताओं को स्पष्ट जानकारी मिलनी चाहिए। संबंधित पेट्रोल पंप प्रबंधन को प्रदर्शित दरों और मूल्य निर्धारण के आधार को स्पष्ट करना चाहिए, ताकि ग्राहकों के बीच किसी प्रकार का भ्रम न रहे। जिओ पेट्रोल पंप पर पेट्रोल की कीमत 114.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 106.05 रुपये प्रति



लीटरबताई जा रही है।

वहीं पखांजूर के सरकारी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल 109.76 रुपये प्रति लीटर और डीजल 103.03 रुपये प्रति लीटर की दर से मिल रही है। जिओ पेट्रोल पंप पर पेट्रोल की कीमत अन्य पंपों की तुलना में 5.01 रुपये प्रति लीटर अधिक, जबकि डीजल की कीमत 3.02 रुपये प्रति लीटर अधिक है। यदि ये दरें पंपों पर प्रदर्शित वास्तविक कीमतों के अनुरूप हैं, तो आम उपभोक्ताओं को ईंधन खरीदते समय इस अंतर का सीधा असर अपनी जेब पर झेलना पड़ सकता है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में अंतर होने से सबसे अधिक असर उन वाहन चालकों और व्यवसायियों पर पड़ सकता है, जो प्रतिदिन बड़ी मात्रा में ईंधन खरीदते हैं। ऐसे में कीमतों में अंतर का कारण जानना जरूरी हो गया है।

सरपंच की पहल पर नवोदय की निःशुल्क कोचिंग प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

ग्राम पंचायत हिन्दूबिनापाल की सरपंच द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में एक अनुकरणीय और सराहनीय पहल की गई है। सरपंच के द्वारा ग्राम सोड़े में संचालित बिदिया केतुल पुस्तकालय में आदिवासी अंचल के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की निःशुल्क ट्यूशन कक्षाएं प्रारंभ की गई हैं। यह कक्षाएं पिछले एक माह से नियमित रूप से संचालित हो रही हैं। प्रतिदिन सुबह बच्चे पुस्तकालय पहुंचकर पूरे मनोयोग से पढ़ाई कर रहे हैं। इस कोचिंग में बच्चों को गणित, मानसिक योग्यता और भाषा जैसे विषयों की बारीकी से तैयारी करवाई जा रही है। इस पहल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि बच्चों की पढ़ाई से संबंधित समस्त सामग्री-पेन,कॉपी, किताब,गाइड और अन्य आवश्यक अध्ययन सामग्री का सम्पूर्ण खर्च सरपंच सुश्री सनबती आचला द्वारा स्वयं वहन किया जा रहा है। इसका लाभ केवल हिन्दूबिनापाल पंचायत तक सीमित नहीं है। इस निःशुल्क सुविधा आसपास के गांवों के पालक भी अपने बच्चों को लेकर उत्साहपूर्वक बिदिया केतुल पुस्तकालय पहुंच रहे हैं। सरपंच सनबती आंचला ने कहा कि हमारे गांवो के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन और संसाधन की आवश्यकता है।

मेरा प्रयास है कि यहाँ का हर बच्चा पढ़-लिखकर अपने गाँव, समाज और परिवार का नाम रोशन करे, आगे बढ़े। निश्चित तौर पर यह पहल आदिवासी अंचल के बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

सेवा सेतु शिविर में 3 हितग्राहियों को मिले सोनाली नस्ल के चूजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



ग्रामीण परिवारों को स्वरोजगार से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पशुधन विकास विभाग द्वारा बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना के अंतर्गत शासकीय अनुदान पर देशी मुर्गी के चूजे वितरित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कोयलीबेड़ा विकासखंड के ग्राम माहला में आयोजित सेवा सेतु शिविर के दौरान तीन हितग्राहियों को सोनाली नस्ल के 28 दिवसीय 45-45 चूजे वितरित किए गए।

बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना ग्रामीण परिवारों को घर के आसपास ही मुर्गी पालन के माध्यम से आय अर्जित करने का अवसर प्रदान करती है। इस योजना के तहत वितरित सोनाली नस्ल के चूजों का पालन कर हितग्राही अंडे एवं मुर्गियों के माध्यम से अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। इससे परिवारों को आजीविका का एक अतिरिक्त साधन मिलेगा और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। पशुधन विकास विभाग द्वारा योजना के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कुक्कुट पालन को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि इच्छुक परिवार पशुपालन गतिविधियों से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकें। ग्राम माहला में आयोजित सेवा सेतु शिविर के अवसर पर सांसद, विधायक विक्रम उसेंडी तथा कलेक्टर कुन्दन कुमार की उपस्थिति में हितग्राहियों को चूजे वितरित किए गए। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाने के साथ उन्हें आजीविका के नए अवसरों से जोड़ने पर भी जोर दिया जा रहा है। बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना स्थानीय स्तर पर आजीविका के साधन विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे हितग्राहियों को अपनी मेहनत के बल पर अतिरिक्त आय अर्जित करने और आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा।

71 डीडीओ व लिपिकों को वित्तीय प्रक्रिया का डाईट में मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



समग्र शिक्षा के अंतर्गत वित्तीय भुगतान प्रक्रिया को पारदर्शी, सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कांकेर में एसएनए-स्पर्श प्रणाली के संचालन को लेकर बैठक एवं प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें जिले के 71 आहरण एवं संवितरण अधिकारियों डीडीओ तथा संबंधित लिपिकीय कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में नई प्रणाली के तहत आवंटन, पुनर्बंटन, बिल प्रस्तुत करने और भुगतान प्रक्रिया से जुड़े नियमों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि पहले समग्र शिक्षा के अंतर्गत वित्तीय भुगतान के लिए सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली पीएफएमएस का उपयोग किया जाता था। अब एसएनए-स्पर्श प्रणाली के माध्यम से भुगतान की व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत सितंबर 2026 में जिला शिक्षा अधिकारी, कांकेर को आवंटन प्राप्त हुआ है। इस राशि का संबंधित डीडीओ के बीच नियमानुसार पुनर्बंटन किया जाना है, ताकि स्वीकृत मदों के अंतर्गत शैक्षणिक गतिविधियों एवं अन्य निर्धारित कार्यों के लिए भुगतान सुचारु रूप से किया जा सके। प्रशिक्षण में वित्तीय स्वीकृति, आवंटन के पुनर्बंटन, बिल प्रस्तुत करने, भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने तथा व्यय का लेखा-जोखा संधारित करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे वित्तीय कार्यों का निष्पादन निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार करें। साथ ही, वित्तीय अभिलेखों को व्यवस्थित रखने और भुगतान संबंधी प्रक्रियाओं में आवश्यक सावधानी बरतने पर जोर दिया गया। एसएनए-स्पर्श एकीकृत वित्तीय भुगतान व्यवस्था है, जिसका उद्देश्य सरकारी योजनाओं की राशि के प्रवाह में पारदर्शिता बढ़ाना और वित्तीय अनुशासन बनाए रखना है। इस व्यवस्था में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली पीएफएमएस, राज्य की एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली आईएफएमआईएस तथा भारतीय रिजर्व बैंक के ई-कुबेर प्लेटफॉर्म के समन्वय से भुगतान प्रक्रिया संचालित की जाती है। प्रशिक्षण के दौरान सभी संबंधित डीडीओ एवं लिपिकीय कर्मचारियों को एसएनए-स्पर्श प्रणाली की कार्यप्रणाली को समझकर निर्धारित नियमों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए। आवंटन पुनर्बंटन, बिलों के संधारण और भुगतान संबंधी प्रक्रियाओं में सावधानी बरतने की आवश्यकता बताई गई। नई व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन से समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित शैक्षणिक गतिविधियों के लिए वित्तीय प्रबंधन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और व्यवस्थित बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

■ समग्र शिक्षा के भुगतान में पारदर्शिता लाएगी एसएनए-स्पर्श प्रणाली

गोंड़वाना समाज छापारा की बैठक में ठाकुर जोहारी की बनाई रूपरेखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

गोंडवाना समाज क्षेत्र छापारा के तत्वावधान में आगामी 17 अक्टूबर शनिवार को आयोजित होने वाले ब्लॉक स्तरीय ठाकुर जोहारी कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई हैं। कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित करने के लिए गोंडवाना भवन छापारा में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जनजाति आयोग के सचिव श्री पवन नेताम विशेष रूप से उपस्थित रहे, जबकि गोंडवाना समाज ब्लॉक अध्यक्ष श्री सगेसिंग वड्डी ने अध्यक्षता की। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में क्षेत्र के समस्त अध्यक्ष, सचिव, समाज के पदाधिकारी, महिला प्रकोष्ठ, युवा-युवती प्रकोष्ठ तथा कर्मचारी-अधिकारी प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने आपसी समन्वय के साथ कार्यक्रम की तैयारियां पूरी करने और समाज के अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 17 अक्टूबर को आयोजित होने वाले ब्लॉक स्तरीय ठाकुर जोहारी कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति विकास, कृषि, मछली पालन एवं पशुधन विकास मंत्री रामविचार नेताम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशा राम नेताम विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोंडवाना समाज ब्लॉक नरहरपुर के अध्यक्ष सगेसिंग वड्डी करेंगे। इसके साथ ही समाज के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। बैठक में कार्यक्रम के व्यवस्थित आयोजन, तैयारियों के समन्वय और समाज के विभिन्न प्रकोष्ठों की भूमिका को लेकर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सामाजिक इकाइयों से सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की।

माहला के शिविर में लक्ष्मी को मिली सोनोग्राफी की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कोयलीबेड़ा विकासखंड के ग्राम माहला में आयोजित सेवा सेतु शिविर सह मेगा स्वास्थ्य शिविर ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का सहारा बना। शिविर में ग्राम अंजाड़ी बड़ेपारा निवासी लक्ष्मी कोर्राम ने सोनोग्राफी जांच कराई। गांव के नजदीक ही स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा मिलने से उन्हें काफी सहूलियत मिली।

लक्ष्मी कोर्राम ने बताया कि गांव के पास आयोजित शिविर में सोनोग्राफी कराने का अवसर मिलना उनके लिए सुविधाजनक रहा। इससे उन्हें स्वास्थ्य जांच के लिए दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। जांच के बाद चिकित्सकों द्वारा उन्हें आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया। उन्होंने शिविर के माध्यम से स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होने को ग्रामीणों के लिए उपयोगी बताया। उल्लेखनीय है कि ग्राम माहला पूर्व में नक्सलवाद से प्रभावित रहा है। नक्सल हिंसा के भय के कारण यहां के ग्रामीण अपने पैतृक गांव से पलायन कर पखांजूर में बस गए थे। परिस्थितियों में सुधार के बाद ग्रामीण अब पुनः अपने पैतृक गांव लौटकर बसने लगे हैं। जिला प्रशासन द्वारा गांव में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम माहला में सेवा सेतु शिविर के साथ मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध कराई गईं तथा ग्रामीणों के लिए सोनोग्राफी सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचों की सुविधा प्रदान की गई। इससे ग्रामीणों को अपने गांव के नजदीक ही स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ मिला। माहला में आयोजित यह शिविर ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने तथा सामान्य जनजीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

बापूनगर में 40 बोरी नकली डीएपी जब्त, एडीओ पर रिश्वत का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



पखांजुर के ग्राम बापूनगर पीके 35 में किसानों द्वारा नकली खाद का बड़ा मामला पकड़े जाने के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस मामले में तत्कालीन कृषि विकास विस्तार अधिकारी पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। प्राप्त शिकायत के अनुसार ग्राम बापूनगर में किसानों ने एक पिकअप वाहन में 40 बोरी नकली डीएपी खाद खपाते हुए पकड़ा था। ग्रामीणों ने तत्कालीन कृषि विकास अधिकारी मनोज सरकार को मौके पर बुलाया। अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर खाद और वाहन को जप्त किया और किसानों के सामने पंचनामा भी बनाया। अधिकारी थाना ले जाने की बात कहकर नकली खाद सप्लायर के साथ खाद और वाहन को लेकर चला गया। सूत्रों के अनुसार मनोज सरकार ने 5 लाख रुपए की रिश्वत लेकर नकली खाद विक्रेता और पिकअप वाहन को छोड़ दिया। बाद में खाद का सैंपल परीक्षण के लिए लैब भेजा गया, जिसमें पूरी 40 बोरी डीएपी खाद नकली पाई गई है। शिकायतकर्ता छोटेकापसी निवासी संजय साहा का आरोप है कि नकली पाए जाने के बाद भी आज दिनांक तक न तो पिकअप वाहन को राजसात किया गया, न ही नकली खाद बनाने वाले गिरोह और सप्लायर पर किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई की गई। मामले को लेकर जिला स्तरीय सेवा सेतु शिविर में शिकायत की गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तत्कालीन जांच अधिकारी मनोज सरकार पर जांच कर बर्खास्त करने की कार्रवाई की जाए, साथ ही पिकअप वाहन को राजसात कर नकली खाद विक्रेता को जेल भेजा जाए।

हृदय आघात से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर थानांतर्गत कन्हारगांव निवासी 38 वर्षीय रीना टांडिया पति पवन का इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गया। रायपुर के अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका को हृदयघात होने से रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

नक्सल भय से गांव-घर छूटा, बिसरी बाई लौटीं गांव, मिला पक्का आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कभी नक्सली हिंसा और भय के कारण अपना पैतृक गांव छोड़ने को मजबूर हुए माहला के ग्रामीण अब फिर से अपने गांव लौटकर नए सिरे से जीवन की शुरुआत कर रहे हैं। शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं उनके जीवन में खुशहाली और सुरक्षा का नया आधार बन रही हैं। इसी बदलाव की एक प्रेरक कहानी कोयलीबेड़ा विकासखंड के ग्राम माहला निवासी बिसरी बाई नरेटी की है, जिनका अपने पक्के घर का सपना प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से साकार हुआ है। ग्राम माहला कभी नक्सली गतिविधियों से बुरी तरह प्रभावित रहा था। नक्सलियों द्वारा जन अदालत लगाकर ग्रामीणों की हत्या किए जाने और कई लोगों को जान से मारने की धमकियां दिए जाने के कारण गांव में भय का वातावरण था। ऐसी परिस्थितियों में अनेक ग्रामीणों को अपना घर-बार छोड़कर पखांजूर में बसने के लिए मजबूर होना पड़ा। नक्सलवाद के प्रभाव में कमी आने और परिस्थितियों में सुधार के बाद अब ग्रामीण अपने पैतृक गांव लौटकर फिर से बसने लगे हैं। उनके लिए अपने गांव में दोबारा जीवन शुरू करना केवल घर वापसी नहीं, बल्कि बेहतर भविष्य की ओर बढ़ता एक महत्वपूर्ण कदम है। गांव में लौटकर बस रहे परिवारों को स्थायी आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम माहला के 35 परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृत किए गए हैं। इनमें श्रीमती बिसरी बाई नरेटी भी शामिल हैं। बिसरी बाई नरेटी को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण के लिए 01 लाख 20 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई। इसके साथ ही आवास निर्माण कार्य में नियोजित श्रम के लिए 90 दिनों की मजदूरी का भुगतान भी किया गया। योजना के सहयोग से उनका पक्का घर बनाने का सपना पूरा हुआ और आज वे अपने स्वयं के आवास में रह रही हैं। अपने घर में रहने का सुख मिलने से बिसरी बाई नरेटी के जीवन में स्थिरता आई है। अब उन्हें अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सुविधाजनक आवास में रहने का अवसर मिला है। उन्होंने इस सहायता के लिए छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्राम माहला में प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से परिवारों को आवास उपलब्ध कराना पुनर्वास और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, प्रयागपुर, राहडोल से होकर स्पेशल ट्रेन 22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
25 सीट शेष
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 9165 411411